नीम करौली वाले बाबा हितकारी

नीम करौली वाले बाबा हितकारी,
बड़े ही दयालू कल्याणकारी,
नीम करौली वाले बाबा हितकारी॥

कलयुग में आए बन रूप हनुमान का,
रखते ख्याल सदा भक्तों के मान का,
अपनी दया दृष्टि जिस पे भी डाले,
उसकी तो रातें होती उजियाली,
नीम करौली वाले बाबा हितकारी॥

जीवन तो सादा पर अद्भुत है माया,
जहाँ चाहा भक्तों ने वहीं उनको पाया,
दुख सुख सारे तेरे उसकी नजर में,
दूर करे वहीं चिंताएं सारी,
नीम करौली वाले बाबा हितकारी॥

गिरने ना देते बाबा खुद ही संभालते,
विपदाएँ भक्तों की पल में ही टालते,
कांटे कभी ग़म के चुभने ना देते,
खुशियों के फूलों से भरदे फुलवारी,
नीम करौली वाले बाबा हितकारी॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26346/title/neem-karoli-wale-baba-hitkari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |